विज्ञापन सं. Agric-Health/2025- एनसीडी -II. युवा पेशेवर दिनांक: 22.07.2026

# <u>रिक्ति अधिसूचना</u>

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद **4 पदों पर** पूर्ण रूप से अस्थाई आधार पर **युवा पेशेवर-II (तकनीकी/वैज्ञानिक)** की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

**अपेक्षित अर्हताएं और अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

| **क्र.सं.** | **परियोजना मानव संसाधन पद** | **पदों की संख्या** | **अनिवार्य अर्हताएं** | **समेकित परिलब्धियां** | **अधिकतम आयु सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **युवा पेशेवर-II (तकनीकी/वैज्ञानिक)** | **04** (चार) | *जीव विज्ञान /फार्मेसी /सांख्यिकी /सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र / बीएएमएस, बीएसएमएस में स्नातकोत्तर के साथ-साथ कम से कम 55% अंकों के साथ आयुष में एमडी, और संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष का अनुभव।<br>*जीवन विज्ञान शब्द में जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सूक्ष्म जीवविज्ञान, आनुवंशिकी, जैवसूचना विज्ञान, जैव रसायन विज्ञान, आणविक जीवविज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, औषध विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, प्रतिरक्षा विज्ञान, विष विज्ञान, विषाणु विज्ञान, पोषण और कीट विज्ञान शामिल हैं। | रू 42,000/- | 35 वर्ष (नियमानुसार आयु में छूट) |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार योग्यता और अनुभव प्रमाण -पत्रों के साथ विज्ञापन की तारीख से 21 दिनों के भीतर drjoyk@icmr.gov.in पर निर्धारित प्रारूप (**संलग्न**) में अपना आवेदन भेज सकते हैं। देरी/विलंब से प्राप्त होने वाले/अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें बिना कोई कारण बताए या प्रसार/पत्राचार किए बिना सीधे रद्द कर दिया जाएगा। अतः, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय रहते जमा करें।

2. **नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया/परीक्षा की योजना:** प्रत्येक 'युवा पेशेवर' (वाईपी) पद के लिए चयन प्रक्रिया 'वॉक-इन इंटरव्यू' के माध्यम से होगी और साक्षात्कार, छंटनी किए गए केवल उन उम्मीदवारों का ही लिया जाएगा, जो योग्यता, आयु और अनुभव से जुड़ी अपेक्षित शर्तें पूरी करते हैं और जिनके मूल दस्तावेजों का सत्यापन वॉक-इन इंटरव्यू के दिन किया गया हो। यदि 30 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो प्रारंभिक जांच प्रक्रिया के तौर पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

3. युवा पेशेवर की नियुक्ति की योजना, परिषद के दिनांक 08.05.2026 के कार्या. ज्ञा सं. 16/84/2023-प्रशा. II./ई-171470 के माध्यम से वितरित की गई **युवा पेशेवर (वाईपी) नियुक्त करने के लिए परिषद के दिशानिर्देशों** के अनुसार होगी और उन पर उक्त कार्या. ज्ञा. के नियम और शर्तें लागू होंगी।

4. **सामान्य नियम और शर्तें:**

i. युवा पेशेवर के पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है और ये अनंतिम हैं।
ii. यह पद संविदा आधार पर अस्थाई है।
iii. नियुक्ति की अवधि: वाईपी की प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे संगठन में वाईपी की सेवाओं की आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर दो वर्षों (एक बार में 01 वर्ष) के लिए बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार, किसी भी स्थिति में आईसीएमआर में वाईपी की नियुक्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्ष (1+1+1) होगी।

iv. परिलब्धियां: युवा पेशेवर –II का कुल वेतन/भत्ता विज्ञापन यथानिर्धारित होगा। युवा पेशेवर को कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा।

v. आयु सीमा की गणना की अंतिम तारीख वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख होगी।

vi. आयु सीमा में छूट नियमानुसार होगी।

vii. आयु की शर्तों को पूरा करने वाले और अपेक्षित अर्हकता और अनुभव रखने वाले उम्मीदवार वॉक-इन-इंटरव्यू के दिन संबंधित शैक्षिक दस्तावेज़ों और अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ अपना आवेदन जमा कर सकते हैं; ऐसा न करने पर उम्मीदवार को वॉक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

viii. छंटनी किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और उम्मीदवार विज्ञापन से संबंधित अद्यतन सूचना हेतु हमारी वेबसाइट पर देख सकते हैं।

ix. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

x. परिषद के महानिदेशक किसी भी समय किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

xi. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर उसकी उम्मीदवारी किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी।

xii. मानव संसाधन पदों पर नियुक्त पेशेवर को परिषद या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा और एक या अधिक परियोजनाओं में अंतराल के साथ या बिना अंतराल के काम करने से उन्हें किसी अन्य परियोजना में स्थानांतरण या असाइनमेंट पाने, या वित्तपोषण एजेंसी या परिषद में नियुक्ति/अवशोषण/नियमित होने का कोई अधिकार नहीं होगा। परिषद के नियमित स्टाफ को मिलने वाली सुविधाएँ, जैसे भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सीय दावा, कर्मचारी आवास और अन्य सुविधाएं, मानव संसाधन पदों पर नियुक्त स्टाफ के लिए ग्राह्य नहीं हैं।

xiii. परिषद के महानिदेशक युवा पेशेवर पद को निर्धारित अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी, बिना कोई कारण बताए समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

xiv. युवा पेशेवर मानव संसाधन पदों के लिए परिषद की नीति के अनुसार छुट्टी ले सकेगा।

xv. परिषद के महानिदेशक अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

xvi. छंटनी या रोजगार प्राप्त करने के लिए किसी भी तरह की सिफारिश या बाहरी दबाव डालना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

xvii. केवल अनिवार्य अर्हता /अनुभव पूरा करना छंटनी और चयन की गारंटी नहीं है।

xviii. परिषद के महानिदेशक प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

xix. केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/विभाग/सार्वजानिक उपक्रम के अंतर्गत नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

xx. इस विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अतिरिक्त जानकारी केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी। अतः, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर, नई दिल्ली की वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in) देखें। प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।

-हस्त-
(दिनेश सोनी)
वरि. प्रशासन अधिकारी

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**
**नई दिल्ली**

युवा पेशेवरों की पूर्ण रूप से अस्थाई आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन

आवेदित पद : ____________________

विज्ञापन सं : ____________________

हाल ही का पासपोर्ट आकार का छायाचित्र/ फोटो चिपकाएं

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :____________________

2. पिता का नाम : ____________________

3. जन्म तिथि : ____________________

4. वर्तमान आयु : __________ वर्ष (वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख पर)

5. लिंग : पुरुष/ महिला/ अन्य

6. श्रेणी : एससी/एसटी/ओबीसी/अनारक्षित/ईडब्लूएस

7. पत्राचार हेतु पता: ____________________

8. स्थाई पता: ____________________

9. मो .न. : ____________________

10. ईमेल : ____________________

11. राष्ट्रीयता : ____________________

12. शैक्षिक अर्हताएं: (सभी शैक्षिक परीक्षाओं एवं प्राप्त डिग्रियों का विवरण (दसवीं या समकक्ष स्तर की परीक्षा से आरंभ करते हुए)

| **क्र. सं.** | **अर्हता** | **बोर्ड /विश्विद्यालय का नाम** | **क्षेत्र** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **अंक/श्रेणी/ सीजीपीए** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. **कार्य के अनुभव का विवरण**: (वर्तमान नियोक्ता से आरंभ करते हुए कालानुक्रम में)

| **संगठन का नाम** | **पदनाम** | **अवधि** | | **कुल अवधि** | **तैनाती का स्थान** | **कार्य की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

कुल कार्य अनुभव (वर्षों में) : ____________________

14. स्नातकोत्तर कार्यों का विवरण एवं प्रकाशित पेपर: ____________________

____________________

____________________

15. आवेदक के कार्य से भली-भांति परिचित 2 व्यक्तियों के नाम और पते:

| क्र. सं. | नाम | व्यवसाय/ पद | संपर्क नं. और ईमेल सहित पता |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |

16. पद की उपयुक्तता से संबंधित कोई अन्य जानकारी, जो आप जोड़ना चाहें:

____________________

____________________

17. चेक लिस्ट: (कृपया संलग्नकों के साक्ष्य के रूप में नीचे दिए गए बॉक्स में सही का निशान लगाएं) सभी प्रमाण पत्र सत्यापित किए गए हों तथा निम्न क्रम में संलग्न हों:-

i. आयु के समर्थन में प्रमाण-पत्र (हाई स्कूल प्रमाण-पत्र)………… ☐
ii. स्नातक डिग्री/डिप्लोमा एवं अंक-तालिका की प्रमाणित प्रतियाँ………. ☐
iii. स्नातकोत्तर डिग्री एवं अंक-तालिका प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रतियाँ……. ☐
iv. अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रतियाँ……… ☐
v. अतिरिक्त जानकारी संबंधी प्रमाण-पत्र.. ☐

**संलग्नक : सभी प्रमाण-पत्रों एवं प्रशंसा-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां**

## घोषणा-पत्र

मैं, एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई सूचना मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मैं जानता/जानती हूँ कि किसी भी चरण में मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त में से कोई भी सूचना झूठी या गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी सूचना/कारण बताए, बिना किसी प्रतिपूर्ति के रद्द कर दी जाएगी।

स्थान :

दिनांक :

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)